Sudha WR Sab RB-1 (61)

CHLP-2015-1/FR82

2015-16

Community Health Learning Programme

A Report on the Community Health Learning Experience

CHLP-2015-1/FR82

KAMLESH SAHU



School of Public Health Equity and Action (SOPHEA)

sochara
building community health

Society for Community Health Awareness Research and Action

CHLP-2015.1/FR82

sochara

My Relay with Sochara



2015-16

MENTOR: A S MOHAMMAD

Kamlesh Sahu

SOCHARA Fellow

अनुक्रमणिका

अध्याय 1.....

आभार.....

सोचारा फेलोशिप करने का उद्देश्य .....

अध्याय 2.....

सामूहिक सत्र के माध्यम से सीख .....

सामाजिक व शेक्षणिक संस्थाओ से संपर्क .....

अध्याय 3

भोपाल सम्बंधित जानकारी .....

परिचय – मुस्कान संस्था भोपाल एवं कार्य सम्बन्धी जानकारी .....

फिल्ड वर्क – गोतम नगर बस्ती .....

फिल्ड वर्क विसिट .....

उपसंहार .....

अध्याय 4.....

अनुसंधान कार्य.....

अध्याय 5.....

पुस्तक पाठन कार्य.....

चित्र प्रदर्शन .....

कविताएँ.....




CHAPTER.1



1. आभार
2. फेलोशिप करने के उद्देश्य एवं सम्बंधित कविता

1.1 आभार

मेरे द्वारा की गई इस फेलोशिप के लिए मै "सोचारा और सोचारा परिवार " के सभी साथियों के साथ साथ डॉ.थेलमा मेम और डॉ. रवि सर का आभार व्यक्त करता हूँ की जिन्होंने मुझे इस community health learning program फेलोशिप के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ पर एक अलग नजरिये से अवगत कराया और सामुदायिक स्तर पर समुदाय में ही काम करने की प्रेरणा को प्रदान किया इसी के साथ साथ में चन्दर व विक्टर सर का और उन सभी गुरुओ (facilitators) का भी आभारी हूँ जिन्होंने मुझे समय समय स्वास्थ शिक्षा प्रदान की !

इस फेलोशिप के दोरान जो मेरे मेंटर रहे आदरणीय डॉ मोहोम्मद सर का भी मै आभारी हूँ जिन्होंने मुझे समाया समय पर अनिवार्य और उपयोगी प्रोत्साहन एवं मेरे अनुसन्धान कार्य में मुझे मार्गदर्शन प्रदान किया ! इसी के साथ कुमार सर और राहुल सर, जेनेल, अनुषा, प्रहलाद,स्वामी, विक्टर, नवीन, हरी, तुलसी, जोसेफ, सभी को मै हदय से धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने मुझे समाया समय पर उपयोगी मदद प्रदान की!

इसी अनुशंधन कार्य में मेरी मदद करने वाले अनुभवी जन डॉ. जनार्दन का भी मै आभार व्यक्त करता हूँ !

मेरे फिल्ड मेंटर रहे डॉ. रवि देसोज़ा का और उन्ही के साथ अन्य सी पी एच ई सदस्यों को भी में दन्यवाद देता हू जिन्होंने भी मुझे पूर्ण सहियोग प्रदान किया, मै भोपाल में स्थित मुस्कान संस्था का भी हद्य से आभारी हूँ जिन्होंने मुझे अपने हर कार्य में शामिल कर नित्य नए नए सामजिक कार्य से अवगत कराया, इसी संस्था के अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओ सीमा जी, नीलम जी, मनोज जी, मोनू भैया, हरी जी, सुजेन जी और गोतम नगर बालवाड़ी कार्यकर्ता सुमन जी का में आभारी हूँ ! और इसी के साथ में मेरी गोतम नगर के सभी छोटे-बड़े लोगो का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझे अपना समझा और मेरे कार्य में सहियोग दिया!

मै उन सभी भोपाल और बेंगलोर की शासकीय और अशासकीय सामाजिक संस्थाओ का आभारी हूँ जहा पर मेरा बड़ी सहजता से स्वागत कर स्वास्थ और सामाजिक तत्थ्यो पर मेरी समझ को विस्तृत किया और मेरे ज्ञान को बढाया !

मै सोचारा के सभी मेरे साथी फेलो का भी आभारी हूँ जिन्होंने मेरा और मेरे कार्य का समाय समय पर अनुकूल और प्रतिकूल उत्साहवर्धन किया और अपने अपने फिल्ड के अनुभवों से मुझे परिचित कराया!

अंत में मै अपने माता-पिता और परिवार का भी आभारी हू जिन्होंने समाय समय पर मेरे शारीरिक और मानसिक सहियोग प्रदान किया और आत्मविश्वास को बढ़ाते रहे !



सहद्रय धन्यवाद.....

1.2 प्रस्तावना

SOCHARA में आने से पहले मै सोचारा को नही जान पाया था, लेकिन सोचारा के इस प्रोग्राम (COMMUNITY HEALTH LEARNING PROGRAMME) को प्रारंभ में इंटरनेट के द्वारा ही पाया पाया और फिर बेंगलोर आ कर परिचत हों पाया था, सोचारा केम्पस में आने के बाद में उचित समाज सेवा को पहचान पाया था सोचारा केम्पस के छाते के नीचे स्वास्थ और से समाज और समुदाय के बारे में जानते व सीखता चला गया! सोकाहरा में आने के बाद जो मेने पहले सिखा हुए को और भी सीखा, जो नहीं सीखा था उसे सीख सीखा, और जिनको नहीं सीख पाया उन्हें सीखने के लिए उत्साह और उमंगो का संचार लिया है! कम्युनिटी हेल्थ लर्निंग प्रोग्राम के द्वारा छः माह बेंगलोर और छः माह को फिल्ड वर्क के लिए भोपाल में रह कर सीख पाया हूँ और इसी दोरान अनुसन्धान कार्य को गोतम नगर , भोपाल में किया है! पूरी फेलोशिप के दोरान मेरे आत्मीय, मानसिक, शारीरिक और नैतिक विकास हुआ है! हर व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ कि आवश्यकता होती है इसी के आधार पर हेल्थ फॉर ओल के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सोचारा के द्वारा भरपूर प्रयास किय जा रहा है, इस प्रयास में सभी जन समुदय के लोगो को जोड़ना और अपने अधिकारों व उत्तरदायित्वो को जानने के सोचारा कि यात्रा आगे बदती जा रही है!



सोचारा फेलोशिप क्यों और केसे.....

सोचारा फेलोशिप मेरे लिए मेरे करियर का बहुत ही अहम कदम साबित हुआ है MSW (master of social work) के बाद मुझे कुछ समझ नही आ रहा था की में अब किस तरह से समाज में जाकर अपनी सामान्य योग्यता से कुछ अच्छा कर सकू, पर किसी तरह से भी सोचारा में आ जाने के बाद सही रास्ता मिल ही गया जो मुझे मेरी मंजिल की ओर बढाने में महत्वपूर्ण सहियोग प्रदान किया जिसकी बदोलत में आज मै अपनी समझ को एक नयी समझ दे पाया हू!



HOME TO SOCHARA.....

निकला जब घर से तो, आशाओ की उमंगें साथ थी

नहीं था रिजर्व टिकट, बस वह दोस्ती मेरे साथ थी



कभी बनती थी उम्मीदे और कभी दिल घबराता था

न जाने क्या होगा अब सोचारा को न मंझता था

पहुचे बेंगलोर स्टेशन पुछा पता को तो जान पाये

उतरा बस से किये कई कॉल, अंत में हरी सर लेने आये



मिले आज़म से, शुभ सुबह को सोचारा से मिल पाए

जिनको सुने थे फोन पर उनको भी सुप्रभात कह पाए

क्लास में सब फेलो को देखा तो हमे कुछ ही समझ पा रहे थे

बहती हुई अंग्रेजी की धारा को हिंदी से तुलना करते जा रहे थे

कभी डॉ रवि सर की हिंदी हमे प्रभावित कर जाती

चन्दर सर की इंग्लिश सर से रोकेट सी चली जाती

धीरे धीरे समय और सोच चलती रही, हम भी उसी में बहते रहे

हम सोचारा फेमिली को और वह हमें समझते चलते ही रहे

कुछ संघर्षो को जिया हू मै, ज्यादा उम्मीदों से चला हू मै

सोचारा के छाते के नीचे अपने परिवार सा जिया हू मै

1.3 My learning objectives in fellowship programme:-

- स्वास्थ के बारे में जानना
- समुदाय और स्वास्थ पर समझ और सामुदायिक स्वास्थ को पर समझ एवं सामुदायिक स्वास्थ की सिद्दांतो को जानना
- स्वास्थ और स्वास्थ सम्बन्धी नए पुराने तत्थ्यो को समझ पाना
- गैर सरकारी संस्था और सरकार के बीच की भूमिका को समझ पाना
- शहरी गरीब बस्ती की स्तिथि और समस्यों को जान पाना
- मानसिक स्वास्थ के मुद्दों को समझ बनाना
- महिलाओ और युवाओ की समस्याओ पर सुधारात्मक समझ तेयार कर पाना
- वयस्क और स्वास्थ पर समझ

1.4 प्रशिक्षण कार्य के दोरान उपयोग किये जाने वाले तरीके /पद्धतियाँ:

- Community health learning programme के दोरान शिक्षण और प्रशिक्षण का कार्य बहुत ही सरल और सहज तरीकों को अपनाया गया है, जेन्हे सभी फेल्लो मुक्त आकाश में विचरण रहते हुए स्वीकार किया है



  - सामूहिक चर्चा
  - ओडियो एंड वीडियो
  - पोस्टर एंड बेनर
  - खेल
  - कहानिया
  - जर्नल क्लब
  - बुक रीडिंग
  - पुस्तक सन्दर्भ
  - स्वयं-क्रिया कार्य
  - सामूहिक रंगमंचन
  - अन्य
  - स्वास्थ सम्बन्धी एन जी ओ का विसिट
  - सामजिक कार्यों में भागीदारी
  - फिल्ड वर्क प्लेस

1.5 Learning from collective sessions

- Health, community and community health.
- Mantal health in social
- Community building and development.
- Public health and different of community health.
- Paradigm shift model
- Primary health care and basic principle of community participant.
- Social exclusion and marginalization.
- System and soft system methodology
- Social determinants of health.
- Sanitation
- Globalization
- Environmental health
- Research work with community



1.5.1 स्वास्थ की परिभाषा और अर्थ –

जब भी हम स्वास्थ के बारे में सोचते या बोलते तो सामान्य जन के सामने एक चिकित्सालय , एक चिकित्सक और गोलिया व दवाओं का चल चित्र नजर आने लग जाता है, सोचारा में आने से आने से पहले स्वास्थ को सही मायने में समझ पाया हू दुसरे स्तर पर बात आती है की जो व्यक्ति जो शारीरिक रूप से बीमार है और जो मानसिक रूप से पागल है उसे ही लोग बीमार और अस्वस्थ मानते है , लेकिन यह स्वास्थ की परिभाषा के अधर पर सत्य नही है !



सही अर्थो में तो स्वास्थ व्यक्ति वह है जो मानसिक रूप से , शारीरिक रूप से और सामाजिक रूप से स्वस्थ होता है और अपने कार्यों को सुचारू रूप से कर सकता है , वाही व्यक्ति सही मायने में स्वस्थ कहलाता है !



स्वास्थ की परिभाषा :- "किसी भी व्यक्ति का शारीरिक , मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होना ही स्वास्थ है !"



1.5.2 समुदाय –

एक व्यक्ति को समुदाय की संज्ञा नही दी जाती है परन्तु वाही व्यक्ति और अन्य व्यक्तियो के साथ में रह कर आपस में वे सभी एक दूसरे की मदद करते है और सभी के सहियोग से सभी के लाभ के लिए कार्य करते है तो उसे हम समुदाय कहते है, इस समुदाय में रहने वाले लोग अलग –अलग धर्म , जाती , वर्ग , भाषा को बोलने वाले भी हो सकते है समुदाय में रहने वाले लोगो में भिन्न भिन्न प्रकाये की असमानताए होती है ,समुदाय में रहने वाले लोगो का लक्ष्य एक सामान ही होता है समुदाय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समुदाय के सभी व्यक्तियों को आपस में मिल जुल कर कार्य करना जरूरी होता है ! भिन्न भिन्न समुदाय के लक्ष्य और उद्देश्य अलग अलग हों सकते है

किसी भी समुदाय में या यह कहना और भी उचित रहेगा की जब हम किसी समुदाय के साथ किसी समस्या पर कम करने जाते है तो हमें उस समुदाय के लोगो के बारे में , उनके रीति रिवाज और संस्कृति के बारे में , उनके जरूरतों , उनुप्योगिताओ और समुदाय की बनवात के साथ साथ उनके

अन्य सभी क्रिया -कलापो के बारे में सही जानकारी और समझा को प्राप्त होना बहुत ही आवश्यक है .जो हमे उनके जेसा बनाता है !

1.5.3 सामुदायिक स्वास्थ

जब हम सामुदायिक स्वस्थ के बारे में कहते है तो उससे पहले स्वास्थ और समुदाय को जन लेना अति अवश्यक है समुदायिक स्वास्थ एक इसी प्रक्रिया है जिसमे लोग आपस में ही मजबूत हों कर अपने किसी स्वास्थ के उद्देश्य या लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करते है सामुदायिक स्वास्थ पर जब हम बात करते है तो किसी विशेष व्यक्ति , वर्ग या समूह को ध्यान में न रखते हुए सभी के लिए स्वास्थ को ध्यान में राका जाता है तभी एक स्वास्थ सामुदायिक स्वास्थ प्रणाली को तेयार किया जा सकता है

सामुदायिक स्वास्थ पर कम करने से पहले उस समुदाय के सभी सदस्यों की सामूहिक आवश्यकता और जरूरत क्या है जिनकी प्राप्ति के लिए समुदाय का प्रत्येक सदस्य की भागीदारी जरूरत है इसमे समानता और समता को भी ध्यान में रखना आवश्यक है हमें समानता के अधर पर नही बल्कि समता के उद्देश्य के आधार पर कम करने की जरूरत है !

सामुदायिक स्वास्थ में स्वस्थ सुविधाओ का होना आवश्यक है और इसी के साथ साथ उन स्वास्थ सुविधाओ तक समुदाय के हर व्यक्ति की पहुच, सहज और सरल होनी और भी अति आवश्यक है! अतः सामुदायिक स्वास्थ के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, की "समुदाय तक स्वास्थ सुविधाओ की पहुच और उसी तरह स्वास्थ सुविधाओ तक समुदाय के प्रत्येक सदस्य की पहुच होना दोनों ही अति आवश्यक है!"

समुदाय का स्वास्थ निम्न बिन्दुओ पर आधारित है

- साफ सफाई
- स्वछता
- स्वच्छ जल
- स्वास्थ्य सुविधाए
- स्वस्थ वातावरण

जिस तरह किसी समाज में किसी डॉक्टर का रोल होता है की वह समाज में आने वाली बीमारियों और रोगों के प्रति संवेदनशील रहेगा और उचित सलाह , जाँच और दवाइया प्रदान करता है उसी तरह समाज के सामुदायिक कार्यकर्ता का भी सामुदायिक स्वास्थ के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण रोल है वह भी समुदाय समूह के स्वास्थ के प्रति सजक रह कर जन समुदाय के लोगो को जागरूक करता है

1.5.4 स्वास्थ के सामाजिक निर्धारक तत्व

शिक्षा, स्वास्थ सेवाए , पर्यावरण , पानी , रोजगार, संस्कृति, जेंडर, खान-पान , स्वास्थ सुविधए, आर्थिक और सामाजिक स्थिति, समुदाय का ज्ञान स्तर अन्य किसी समज में स्वास्थ के स्तर को निर्धारित करने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से महत्व पूर्ण भूमिका निभाते है

1.5.5 अधिकार और कर्त्तव्य:

समुदाय की जब भी बात होती है तो समुदाय के क्या कर्त्तव्य है और क्या अधिकार है ये तथ्य प्रकट हों जाते है! की समुदाय को भी अवश्यकताओ की जरूरत है वो उन्हें मिलना चाहिए मनुष्य की अनिवार्य अवश्यकताओ में से सबसे प्रथम आवश्यकता है - भोजन , वस्त्र , घर की अवश्यकता की व्यवस्था होनी ही चाहिए और अन्य भी अधिकार है जो संबिधान के द्वारा सभी जन समुदाय को प्रदान किये गए है समुदायों को उन अधिकारों की भी मांग करना चाहिए!

एक और जहा सभी जन समुदाय को अपने अधिकारों की प्राप्ति का अधिकर है वही दूसरी और जन समुदायो को अपना अपना उत्तरदायित्व और कर्त्तव्य को भी जानने और समझने की जरूरत है!

1.5.6 हेल्थ सिस्टम

1.5.6.1हेल्थ सिस्टम का इतिहास –

भारत में स्थानीय स्तर पर स्वास्थ की व्यवस्था काफी समय से ही चली आ रही है! जिसमे सबसे पहले परंपरागत स्वास्थ व परंपरागत इलाज को अपनाया जाता था उनमे बच्चे के जन्म के समय दाई , सांप काटने का इलाज , हड्डी जोदने का इलाज, बुखार,सर और बदन दर्द अदि अन्य रोगों व बीमारियों का इलाज उस समुदाय में से ही कुछ व्यक्ति करते थे इसी के साथ वे लोग झाड़ू फूक करने वाले ओझाओ की भी मदद लिया करते थे इसके आलावा यहाँ पर आयुर्वेद , योगा , यूनानी , शिद्दा, होम्योपेथिक

,एकुपंचर, एलोपेथिक अदि पध्तियो व तरीको से इलाज किया जाता था और भारत के केई राज्यों में आज भी इन्ही पद्धतियो के द्वारा इलाज किया जाता है! हमारे देश में मिक्स पद्धतियोंओ का प्रयोग होता आया गया है! आज भी हमारा समाज इन पद्धतियों का भी उपयोग कर रहा है ब्रिटिश काल में अंग्रेजो के भारत आगमन के बाद पच्छिमी सभ्यता का दबाव भारत की चिकित्सा पध्तियो पर भी पढ़ा और उसी के चलते भारत में एलोपेथिक दवाओं का चलन का प्रारंभ हुआ नर्शिग महाविद्यालयों के शुरुआत की गयी और फिर भारतीय चिकित्सा पद्धतियो में एलोपेथिक को भी शामिल कर लिया गया !

स्वास्थ सेवाओ के लिए गाँव या समुदय में स्वास्थ सेवाओ के लिए एक स्वास्थ कार्यकर्ता का विचार सबसे पहले 1939 में "सोखे कमिटी" ने रखा , इसके बाद सन 1949 में "भोरे कमिटी" के द्वारा एक स्वास्थ परियोजना तेयार की गयी , जिसमे हर गाँव में एक "विलेज हेल्थ कमेटी" को स्थापित होने को खा गया गया, विशेष बीमारी के लिए भी डॉक्टर की व्यवस्था का होने पर चर्चा की गयी और अंत में सभी अवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सन 1971 में सभी के लिय स्वास्थ उपलब्ध करने की घोषणा की गयी थी!

1.5.7 आलम आटा :

• **ALMA ATA DECLARATION** को सितम्बर 1978 में International Conference on Primary Health Care की meeting से विश्व स्तर पर लागु किया गया जिससे सभी स्तरों में primary health की सुविधाओ को मजबूत किया जा सका है !

• विश्व स्तर पर सभी देशो के लोगो के स्वास्थ संम्बन्धी आवश्यकता को सभी देशो में सामता के आधार से लागू किया जाएगा, जिससे सभी देशो सामान रूप से विकास कर सके!

• Alma Ata से स्वास्थ सेवाओ और स्वास्थ पॉलिसीयो में अनुकूल बदलाव आयेगा जो लोगो की सामाजिक व आर्थिक रूप से मददगार साबित होगी!

• अल्मा आता के द्वारा सभी देश की जनता के स्वास्थ का उत्तरदायित्व उस देश की government को होगा और देश की सभी जनता को भी अपने स्वास्थ को स्वस्थ रखने का पूर्ण अधिकार होगा International Conference, Primary Health Care के अंतर्गत सभी जगह पर social justice का कार्य किया जाएगा !

• देश में सभी निर्धारित जगह पर जहा 30000 जनसंख्या (समतल सतह) या 20000 जनसंख्या (पहाड़ी सतह) पर primary health center को संचालित किया गया जो सभी निम्न स्तर पर भी स्वास्थ की सेवाए प्राप्त कर सके!

• अल्मा अता के द्वारा "health for all" and "health human right" को जान पाया और इसी के साथ साथ "equity of health facilities" and "social justice" को भी समझ पाया!

• Primary health care और primary health center के पहचान और कार्यो के अंतर को समझा primary health center से दी जाने वाली अनिवार्य और महत्वपूर्ण स्वास्थ सेवाए जो सभी लोगो के लिए बहूत ही अवश्यक है!

Health facilities – prevention of economic diseases, nutrition foods, education, water and sanitation, immunization, treatment, child and maternal health and drugs facility

• **Health for all** and **health human right** के लिए world health organization, बहूत से स्वयं सेवी सस्थाओ को भी सहियोग किया है जिससे सही समय पर स्वास्थ सेवाए प्रदान की जा सके!

• Primary health center से दी जाने वाली सेवाओ को प्राप्त करने में शासन और लोगो के आपसी सहयो की भूमिका रहेगी और तभी उन सुविधाओ को सफल तरीके से किर्यान्वयन कर प्राप्त किया जा सकता है!

• आज भी बहूत से PHC ठीक तरह से संचलित नही हो पा रहे है और नही ठीक तरह से सेवाए दे पा रहे है ये मेरा अनुभव है की कुछ PHC में कार्यकर्ता खुश नही है और वे बताते है की हमारे ऊपर कार्य का ज्यादा भर है जिससे वे भी स्वास्थ स्वाओ को देने में ढील बरतते है PHC भी अनिवार्य जगह से दूर बनी होती हैं!

• Health for all के लक्ष्य को अभी प्राप्त नही किया गया है जिसको प्राप्त करने के लिए सभी लोगो को आगे आ कर अपनी स्वास्थ के बारे में जानना होगा और सही इलाज को प्राप्त करना होगा PHC के द्वारा सभी स्वास्थ सवाए दी जा रही है पर उनको प्राप्त करना अवश्यक है तभी "Health for all" को प्राप्त किया जा सकता है!

• Alma Ata Declaration का यह कदम सभी देश और सभी लोगो जो बहूत ही गरीब है और वे लोग जो अपनी बीमारियों का इलाज करा नही सकते, उनके लिए प्राण-वायू साबित हो पाई हैऔर भारत जेसे देश जहा पर अधिकांश जनसंख्या गाव व गरीबी में निवास करती है उसके लिए तो और भी ज्यादा

अनिवार्य साबित हो पाया है अल्मा अटा घोषणा पत्र पर सन 1978 में अंतरास्ट्रीय स्तर पर प्रमारी हेल्थ केयर की आवस्यकता को बताते हुए सभी देशो ने मिलकर सामूहिक रूप से एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर अपनी सहमति परदान की और अपने अपने देश में स्वास्थ सेवाओ की व्यवस्था की और उसे कानून का रूप दिया गया!

इस घोषणा पत्र की निम्न उपलब्धिया रही जिन का निर्णय लिया गया था-

- health for all
- primariy health care
- Equity
- Health as a fandamental human rights
- appropriate technology
- intersectoral development
- community participant

इसी दोरान सन 1983 में राष्ट्रीय स्वास्थ पालिसी बनी, जिसमे बड़े स्तर पर स्वास्थ सुविदाओ में तकनिकी विस्तार , समुदय की मांग के अनुसार हेल्थ एक्शन प्लान तेयार करके उसका उपयोग करना और समुदय की भी उसमें सहभागिता को शामिल किये जाना अनिवार्या है

1.5.8 उप स्वास्थ केन्द्र

उपकेन्द्र का स्तर सबसे निम्न होता है इस स्वास्थ केंद्र के द्वारा ही अनिवार्य स्वास्थ सुविधाए प्रदान की जाती है यह केंद्र प्रिमारी स्वास्थ केंद्र को केस रेफर करने वाली उनिट होती है यहाँ पर सम्मान्य बिमारियो का ही इलाज किय जा सकता है यह बीमारियों के रोकथाम के प्रति जन समुदाय को जागरूक भी करती है एक प्राइमरी स्वास्थ केंद्र के अंतर्गत चार उपकेन्द्रो को शामिल किय जाता है एक उप स्वास्थ केंद्र के लिए समतल सतह के लिए 5000 और पहाड़ी सतह के लिए 3000 जनसख्या का होना आवश्यक है!

1.5.9 प्राथमिक स्वास्थ केंद्र :

प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र को दूसरे स्तर की ग्रामीण स्वास्थ सेवा कहा जता है प्राथमिक स्वास्थ केन्द स्वास्थ सेवाओ के स्तर का सबसे पहला स्तर होता है जहा पर जन समुदाय की बीमारी के लिए उपचार ,और बचाओ एवं स्वास्थ सेवाओ को बढावा दिया जाता है इसी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के बाद ही उप स्वास्थ केंद्र पर स्वास्थ सेवाकार्य किया जाता है प्राथमिक स्वास्थ केंद्र की विशेषताये निम्न है जो जन स्वास्थ को बेहतर तरीके से रखने में सहयोग प्रदान करती है



एक PHC की जनसँख्या 20000 (समतल सतह) और 12000 (पहाड़ी सतह)
20 प्रकार की मेडिसन की अनिवार्य उपलब्धता
एक मुख्य चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट ,एक नर्स
उप स्वास्थ केंद्र को रेफर यूनिट का कार्य

सम्पूर्ण स्वास्थ सुविधाओ में अधिक ध्यान देने की जरूरत को महसूस किया गया और इसी वजह से प्रायमरी हेल्थ केयर पर समस्या को रोकने के उपाए किये गए , इसी के तहत सभी के लिए स्वास्थ की परिकल्पना की गयी और इसी के साथ स्वास्थ सेवा व्यक्ति तक पहुचे और व्यक्ति भी स्वास्थ सेवा तक जा पाए उसके लिए सुचारू कार्य व्यवस्था किये गए !

1.5.10 सामुदायिक सवास्थ केंद्र



सामुदायिक स्वास्थ केंद्र व्यवस्था बहुत ही महत्वपूर्ण स्वास्थ सेवा व्यवस्था है समुदायिक स्वास्थ केंद्र की स्थापना उस समुदाय की जनसँख्या के अधर पर की जाती है समतल सतह होने पर 100000 की जनसंख्या पर या पहाड़ी सतह होने पर 80000 की जनसँख्या पर एक सामुदायिक स्वस्थ केंद्र को तेयार किय जाता है ! यहाँ पर डिस्टिक हॉस्पिटल को शामिल किया जाता है यहाँ पर ड्रामा सेंटर की भी सुविधा होती है सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के द्वारा प्रिमारी स्वास्थ केंद्र से रेफर किये गए केसेस को संभाला जाता है और इलाज किया जाता है यह विशिष्ट सेवाए दी जाती है जो प्रमारी स्वास्थ केंद्र पर उपलब्ध नही हों पाती है !

1.5.10.1 Primary health care : प्राथमिक स्वस्थ स्तर पर मिलने वाली स्वास्थ सेवाऐ जो स्थानीय स्तर पर समस्या और जन समूह को सभी अनिवार्य सुविधाए उपलब्ध कराती है प्रायमरी हेल्थ केयर की अंतरगत प्रिमारी स्वास्थ केंद्र और उप केंद्र आते है उप स्वास्थ केंद्र प्रायमरी स्वास्थ केंद्र से रेफर किये गए मरीजो का उपचार किया जाता है

Primary health care के अंतर्गत आने वाली स्वास्थ सुविधाए जो प्रथम स्तर पर उपयोगी साबित हों पाई है

- Prevention of economical disease
- Nutrition
- Education
- Water and sanitation
- Maternal and child health
- Immunization
- Treatment
- drug



प्रिमारी हेल्थ केयर के प्रमुख सिद्धांत-

- participation
- Intersectoral coordination
- Equitable distribution
- Community Decentralisation
- Appropriate technology



1.5.10.2 Secondary health care : यह प्रायमरी हेल्थ केयर के बाद की कड़ी होती है जो गंभीर समस्याओ के इलाज की भी स्वास्थ सेवाए प्रदान करता है इसके अंतर्गत जिला उप चिकित्सालय और जिला चिकित्सालय आते है जो प्रायमरी हेल्थ केयर से आने वाले मरीजो को स्वास्थ सेवाए उपलब्ध कराई जाती है

1.5.10.3 Tertiary health care : यह वह अवस्था होती है जहा पर बहुत ही विशेष स्वास्थ सुविधाए उपलब्ध कराई जाती है यह स्वास्थ सुविधाए क्षएतारीय और केन्द्रीय स्तर के संस्थाओ पर उपलब्ध होती है जहा पर प्रशिक्षण कार्य भी किया जाता है यहाँ पर प्राथमिक और द्वतीय स्वास्थ केयर से रेफर किये जाने वाले मरीजो का उपचार किया जाता है

1.5.11 मानसिक स्वास्थ

मानशिक रोग एक प्रकार की विकृति है यह मानसिक रोग आज से ही नही बल्कि पुराने समय से ही हमारे समाज में पाया जाता रहा है पुरानी मानसिकताओ को मने तो यह एक अभिशाप है और जो व्यक्ति पागल हे वह कभी सुधर नही सकता वो अलोकिक शक्ति के द्वारा दिया गया एक अभिशाप है जो केवल और केवल कला जादू और झाड फूक और टोने टोटको से ही दूर किया जा सकता है लेकिन ऐसा नहीं है मानसिक रोग न की कोई अभिशाप बल्कि यह भी अन्य बीमारीयो की तरह एक मानसिक बीमारी है जिसका इलाज संभव है! मानसिक विकृति के परिणाम स्वरुप मानसिक स्थिति में गिरावट और परिवर्तन आने लग जाता है जिसके कारण व्यक्ति अपने रोज अम्मरा के कम और देखा रेख, पढाई, रोजगार , और समाज की मुख्य धारा से जुड़े रहने में असमर्थ हों जाता है

मानसिक मंदता और मंद बुद्धि भी एक सामान्य सी मानसिक समस्या है मानसिक अस्वासस्थ के समान्य लक्षण नींद न पाना , भूख न लगना, खुशी दुख गुस्सा चिंता ,पारिवारिक और सामजिक संबंधो को न समझ पाना , याददास्त में कमी , भूलना आदि लक्षण मानसिक अस्वास्थता की निसनी हों सकती है

मानसिक स्वास्थ जे जुडी कई भ्रांतिया है जो आज भी समाज में व्याप्त है और मानसिक रोगी को ज्यादा प्रताड़ित किया जाता है



- मानसिक रोग अभिशाप है , पूर्वजन्म का पाप है
- रोगी को दंड देने से ठीक हों जाता है, भूत प्रेत का चक्कर है
- शादी करने पर ठीक हों जाता है
- समाज के खतरा है
- इस व्यक्ति का बहिष्कार करना जरूरी है
- अशुभ है
- उनके बच्चो से शादी नहीं करनी चाहिए वरन वाही स्थिति आपके साथ भी हों सकती है

मानसिक स्वास्थ को उम्र ,जेंडर , अनुवांशिक क्रिया प्रभावित करती है मानसिक अस्वस्थता व्यक्तिगत होती है जो परिवार , समुदाय , और समाज को भी भी प्रभावित करतती है मानसिक

अस्वस्थता में व्यक्तिगत भावना , विचार ,व्यव्हार आदि से नकारात्मकता बढ़ जाती है जिसके वजह से परिवार और समाज भी प्रभावित होता है!

मानसिक स्वास्थ को एक अलग प्रकार के ढाचागत रूप से समझा जा सकता है



सामाजिक ढाचा : अशिक्षा और गरीबी

व्यक्तिगत ढाचा : चिंता, तनाव, सम्मान की चाह

सामाजिक सहियोग : समाज द्वारा उपेक्षित करना

संस्कृतिक मूल्य : समुदाय विशेष की परम्पराए

मानसिक अस्वस्थता के करक -

Biological factor : हर्मोन में परिवर्तन , आनुवंशिकता , दिमागी , चोट, गंभीर बीमारी का होना जेसे केंसर, टी .बी. आदि

Psychological factor : हीन भावना से ग्रस्त होना , स्वयम की परेशानियों ओर दुख के बारे में गलत सोचना

Special factor : पारिवारिक झगडे और पारिवारिक परेशानिया , गरीबी , बेरोजगारी , बच्चो का न हों पाना

Events in childhood : ग्रहकलेश, पारिवारिक मौत , भाऊकता आदि जो घटनाये बचपन में हुई हों

मानसिक अस्वस्थता को चार भागो में बाटा गया है

- **Several mental disorder**
- **Common mental disorder**
- **Epilepsy**
- **Mental retardation**

Community based rehabilitation (CBR) matrix



1.5.12 भूमंडलीकरण एवं वैश्वीकरण

परिभाषा : "वैश्वीकरण का उपयोग अक्सर आर्थिक वैश्वीकरण के सन्दर्भ में किया जाता है, अर्थात, व्यापार, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, पूंजी प्रवाह, प्रवास और प्रौद्योगिकी के प्रसार के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं में एकीकरण"!

भूमंडलीकरण की जानकारी हमेशा लाभ के नजरिये से ही देखा जाता है लेकिन जब भारत में और भारत के साथ साथ अन्य विकासशील देशो में वैश्वीकरण या भूमंडलीकरण की स्थिति को गर से देखा और समझा जाये तो अल्प समय पश्चात भारत और अन्य सामान देशो की स्वदेशी व्यापारिक स्थिति और जन सामान्य की स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा ! वैश्वीकरण के चलते भारत में विदेशी कंपनियों का आना प्रारम्भ हुआ, जो केवल सकल लाभ के लिए ही भारत को व्यापर करने के लिए चुना, बिदेशी कंपनियों के सामने भारतीय कम्पनियो ने हाथ टेक दिए, और भारत की कई अनिवार्य वस्तुओ पर पेटन लगा कर, उन पर अपना अधिकार प्राप्त कर लिया, जिससे मूल्यों में वृधि हुई! जो आम लोगो की बजट में नहीं रहा, भूमंडलीकरण व वैश्वीकरण की इस पूरी प्रक्रिया में सरकार का भी बहुत ही महत्व पूर्ण योगदान रहा ! कई मसलो पर सरकार की का रवैया भी अनुकूल नही रहा और उन्होंने भी आम जन की स्थिति पर ज्यादा गोर नही करते हुए भारत में भी निजी वाद और पूंजीवाद को बढावा दिया, जिससे प्राइवेट संस्थाओ में वृद्धि होती गई और अंत में इसका नुकसान जन समुदाय स्वास्थ को उठाना पढ़ा,गरीब और गरीब होता गया एवं अमीर और अमीर होता गया, जन स्वास्थ की अनिवार्य आवश्यकता की पूर्ती का उतरदायित्व सरकार को होता है! इस वैश्वीकरण के युग में सामुदायिक विकास एवं स्वास्थ मुख्य चुनोती के रूप में उबार कर सामने आया इसी को दयां में रखत हुए सितम्बर

2000 में न्यूयार्क में 189 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में 'सहस्राब्दी विकास लक्ष्य' स्वीकार किया, जिसके तहत कुपोषण मिटाने और मातृ और शिशु मृत्यु दर पर काबू पाना और अनेक लक्ष्य तय किए गए। इस सताब्दी विकास लक्ष्य में भारत देश भी शामिल रहा लेकिन इन सबके बावजूद भारत में चालीस फीसदी के आसपास बच्चे अभी भी कुपोषण के शिकार है !

भारत की गिनती दुनिया के उन देशों में होती है जहां स्वास्थ्य के ऊपर किये जाने वाला सरकारी खर्च बहुत कम होता है। चीन और ब्राजील में यह जीडीपी के तीन फीसद के करीब है, जबकि भारत में एक फीसद के आसपास। इस एक फीसद का भी पूरी तरह सदुपयोग नहीं होता। आबंटित रकम का एक खासा हिस्सा बेफिजुली खर्च और भ्रष्टाचार में चला जाता है। इसका सबसे ज्यादा खमियाजा समाज के कमजोर तबकों को भुगतना पड़ता है, जो निजी अस्पतालों का खर्च नहीं उठा सकते और सार्वजनिक चिकित्सा व्यवस्था पर पूरी तरह आश्रित हैं। आज भी कई जगह अस्पताल की दूरी के कारण घरों में नवजात शिशु का जन्म दाया की मदद से होता है और इमरजेंसी में पास के ही प्रिवेट हॉस्पिटल में भारती करा दिया जाता है जहा आर्थिक शोषण किया जाता है और अन्य बीमारियों में भी आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है! इन सभी समस्याओ का मुख्य कारण वैश्विक-आर्थिक संस्थाएं, राज्य की प्रिवेट संस्था और डॉक्टर व चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपचारात्मक तरीके है! जो वैश्वीनकरण और आर्थिक व्यवस्था की जबरजस्त जुगल बंदी है ! उपचारात्मक स्वास्थ्य-दृष्टि के चलते हमारी निर्भरता दवाइयों पर बढ़ती जाती है। इससे जहां एक और आर्थिक नुकसान होता है, वहीं दूसरी और हम शरीर के अन्य हिस्सों पर इन दवाइयों के पड़ने वाले दुष्प्रभावों से भी नही बच सकते। इसकी वजह से पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन का अधिकांश समय स्वास्थ्य संबंधी उलझनों में ही फंसा रहता है! और उन्हें यह सोचने का समय नही मिल पता है की क्या सही है और क्या गलत!

1.5.13 Community building and development

किसी भी Community में कार्य करने के लिए उस कम्युनिटी में रहने वाले समुदाय के लोगो का पूर्ण विस्वास को जीतना होता है समुदायिक विकास के लिए सामुदायिक विश्वास का होना आवश्यक है और सामुदायिक विश्वास को प्राप्त किये बिना सामुदायिक विकास की परिकल्पना भी बेकार है इसके लिए सामुदाय के प्रत्येक सदस्य को सामुदायिक विकास कार्य में भागीदारी देनी होगी और समय समय पर समुदय के प्रत्येक सदस्य को सहियोग भी देना होगा और उसे उसका सहियोग भी लेने के लिए प्रेरित करना होगा तभी एक श्रेस्ठ सामुदायिक विकास कार्य के प्रवाह को सतत जारी रखा जा सकता है !

जब भी कभी किसी समाज या समुदय में कोई समज सेवी किसी समस्या या बुराई को समाप्त करने के लिए तेयार होता है! तो उसी समुदय के अन्य व्यक्ति उसे पर कोई भी प्रतिक्रिया नही करते है और बल्कि विपरीत प्रवाह में बहकर कुछ लोग तो प्रतिकूल प्रहार करते है तो इसी स्तिथि में सामजिक कार्यकर्ता को हिम्मत ना हर कर सतत प्रयाश करते हुए अपने प्रचार प्रसार मे परिवर्तन करके अपनी बातों को समज की इच्छा अनुसार ही उचित समय पर अपनी पहल को आगे बढ़ाते रहने की कोशिस करते रहने चाहिए! सामुदायिक विकास एक लंबी और सतत प्रक्रिया है जो लंबे समय के बाद ही सफल होती है उसका प्रभाव लंबे समाय अंतराल के बाद ही प्राप्त होता है इसी तरह समुदय का विस्वास जितना और उन्हें अपनी बातों को समझा पाने के लिए तेयार करना एक कठिन कार्य है लिकिन समुदाय के जन समूह के लोगो के साथ समय बिता कर , उन्ही के बीच में रह कर , उन्ही के विचारों को अपनते हुए , उनके तीज त्यौहार उत्सव महोत्सव में शामिल हों कर उनके दुःख और सुख के दोनों समय पर उनकी मदद करकर, अपने को उन्ही का एक अंग बना कर ही वह स्वास्थ कार्यकता उन लोगो को अपनी बातों को समझाने के लिए तेयार कर सकता है यही किसी समुदय के विकास का पहला कदम होता है समुदाय को भी उस समस्या या बिमारी को पता होने पर भी वे उसके प्रति सजक नही होते है !



उदाहरण के लिए आज हर जर्दा तम्बाकू बीडी सिगरेट पीने वाले व्यक्ति को सब पता है की इन सब चीजों का सेवन करने से हमे खतरा है और जन भी जा सकती है फिर भी वे डेली सराब बीडी सिगरेट ताबकू को पिया जा रहा है !

सामुदायिक विकास के लिए आवश्यकत तत्व इस प्रकार है

- समस्या की सही पहचान होना
- साधन की उपलब्धता का का पता लगाना
- समस्या के समाधान के लिये उपलब्ध साधन पर सामूहिक सहमति
- शासन की सहभागिता
- सामुदायिक सहभागिता
- समता के सिद्धान्त को अपनाते हुए कार्य करना

1.5.14 पंचायती राज्य व्यवस्था

पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम, तहसील, तालुका और ज़िला आते हैं। भारत में प्राचीन काल से ही पंचायती राजव्यवस्था अस्तित्व में रही है, भले ही इसे विभिन्न नाम से विभिन्न काल में जाना जाता रहा हो। पंचायती राज व्यवस्था को कमोबेश मुग़ल काल तथा ब्रिटिश काल में भी जारी रखा गया।

पंचायतों की संरचना संविधान (73वां सेशोधन) अधिनियम, 1992 द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को तेयार किया गया है। इसके अनुसार सबसे निचले अर्थात् ग्राम स्तर पर ग्राम सभा ज़िला पंचायत के गठन का प्रावधान है। मध्यवर्ती अर्थात् खण्ड स्तर पर क्षेत्र पंचायत और सबसे उच्च अर्थात् ज़िला स्तर पर पंचायत के गठन का प्रावधान किया गया है

पंचायती राज्य की संरचना :

पंचायती राज्य संरचना को सभी राज्यों में एक स्तरीय पंच्याती राज्य व्यवस्था , दो स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था , और तीन स्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था को तेयार किया गया है मध्य प्रदेश में पंचायती राज्य व्यवथा को तीन स्तरों में तेयार किया गया है !

पंचायती राज की तीन स्तरीय संरचना :

ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत का में प्रधान/ मुखिया / सरपंच होगा इनका निर्वाचन प्रत्यक्ष होगा
खंड या ब्लाक स्तर पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख होगा, जिनका निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रक्रिया से होगा
जिला स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष/चेयरमैन होगा ,जिसका निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रक्रिया से होगा

ग्राम पंचायत

प्रत्येक ग्राम सभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत का होना आवश्यक होता है। ग्राम पंचायत ग्राम सभा की चुनी हुई कार्यपालिका होती है जो ग्राम पंचायत का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से होता है। प्रत्येक पंचायत को उसकी पहली बैठक की तारीख़ से 5 वर्ष के लिए गठित किया जाता है। ग्राम पंचायत की माह में एक बैठक आवश्यक है। बैठक की सूचना कम से कम 5 दिन पूर्व सभी सदस्यों को दी जाएगी।

ग्राम स्तर पर अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से ग्राम सभा के सदस्यों के द्वारा किया जाता है। जबकि खण्ड एवं ज़िला स्तर पर अध्यक्षों का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली के आधार पर किया जाता है।

इन स्तरों पर निर्वाचित सदस्य अपने में से अध्यक्ष का निर्वाचन कर सकते हैं। ग्राम पंचायत के सदस्यों के द्वारा अपने में से एक उप-प्रधान को चुना जाता है

ग्राम पंचायत के कार्य

- कृषि सम्बन्धी कार्य
- विकास सम्बन्धी कार्य,
- ओपचारिक व अनौपचारिक शिक्षा के कार्य को करना
- युवा कल्याण सम्बन्धी कार्य कारना
- राजकीय नलकूपों की मरम्मत व रख-रखाव
- हेडपम्पों की मरम्मत एवं रख-रखाव
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्य,
- महिला एवं बाल विकास सम्बन्धी कार्य,
- पशुधन विकास सम्बन्धी कार्य,
- समस्त प्रकार के पैंशन को स्वीकृत करने व वितरण का कार्य,
- समस्त प्रकार की छात्रवृत्तियों को स्वीकृति करने व वितरण का कार्य,
- राशन की दुकान का आवंटन व उसकी व् व्यवस्था करना
- पंचायती सम्बन्धी सभी ग्राम स्तरीय कार्य करना

क्षेत्र पंचायत

क्षेत्र पंचायत का कार्य मध्य स्तरीय कार्य होता है जो गाँव एवं ज़िले के मध्य सम्पर्क स्थापित करने का कार्य करती है जिससे सभी ज जन सुविधाओ को आशानी से लोगो तक पहुचाया जा सके!

कार्य का संचालन :

कार्य का संचालन निम्नलिखित समितियो के द्वारा किया जाता है

- नियोजन एवं विकास समिति
- शिक्षा समिति
- निर्माण कार्य समिति
- प्रशासनिक समिति जल प्रबन्धन समिति
- स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति

ज़िला पंचायत

पंचायती राज व्ययवस्था के अंतर्गत यह व्यवस्थ सबसे उच्च स्तर पर स्थित है इसीलिए शीर्षस्तर ज़िला पंचायत का अध्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता है।

ज़िला पंचायत के कार्य :

ज़िला पंचायत ज़िले में क्षेत्र पंचायतों तथा पंचायतों के कार्यों में ताल मेल बनाये रखती है, उनको समाया समय पर परामर्श देती है तथा उनके कार्यों की देखभाल करती है। ज़िला पंचायत को स्वास्थ्य, शिक्षा तथा समाज कल्याण आदि के क्षेत्रों में कार्यकारी कार्य भी करने पड़ते हैं।

ज़िला पंचायत की समितियाँ निम्न है जी जिला पंचायत के कार्यों को सरलता से संचालित करती है

- कार्यकारी समिति
- नियोजन एवं वित्त समिति
- उद्योग निर्माण कार्य समिति
- शिक्षा समिति स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति
- जल प्रबन्धन समिति

नगरीय शासन व्यवस्था

नगर निगमों, नगरपालिकाओं और अन्य स्थानीय निकायों के निर्वाचन के संचालन के लिए शक्तियाँ 74वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत प्रत्येक राज्य व संघ राज्य क्षेत्र में गठित राज्य निर्वाचन आयोग में निहित हैं। यह आयोग भारत निर्वाचन आयोग से स्वतंत्र है।

नगरीय शासन व्यवस्था भी एक और से पंचायती राज व्यवस्था का एक मूलभूत अंग है नगरों के विकास का कम भी काफी पहले के समय से ही चला आ रहा है नगर के सुचारू प्रशासन व्यवस्था को

भी सँभालने के लिए सविधान के द्वारा 1 जून 1993 में प्रस्तावित संशोदित अधिनियम के आधार पर नगरीय शासन व्यवस्था को अपनाया गया है समय समय पर इसमे और भी परिवर्तन किये जाते रहे है!

नगरीय योजना ,इसमें शहरी योजना भी सम्मिलित है नगर में सुख सुवियाओ के आधार पर विभिन्न कार्य किये जाते है

- भूमि के उपयोग का विनियम और भवनों का निर्माण
- आर्थिक और सामाजिक विकास की योजना
- सड़के और पुल। घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रयोजनों के निमित्त जल की आपूर्ति
- लोक स्वास्थ्य, स्वच्छता, सफ़ाई तथा कूड़ा-करकट का प्रबन्ध
- अग्निशमन सेवाएँ। नगरीय वानिकी, पर्यावरण का संरक्षण और पारिस्थितिक पहलुओं की अभिवृद्धि
- समाज के कमज़ोर वर्गों (जिसके अन्तर्गत विकलांग और मानसिक रूप से मन्द व्यक्ति सम्मिलित हैं) के हितों का संरक्षण। गन्दी बस्तियों में सुधार
- नगरीय निर्धनता में कमी लेना
- नगरीय सुख-सुविधाओं, जैसे पार्क, उद्यान, खेल का मैदान इत्यादि की व्यवस्था
- सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सौन्दर्यपरक पहलुओं की अभिवृद्धि
- क़ब्रिस्तान, शव गाड़ना, श्मशान और शवदाह तथा विद्युत शवदाह पशु-तालाब तथा जानवरों के प्रति क्रूरता को रोकना
- जन्म-मरण सांख्यिकी रखना (जन्म-मरण पंजीकरण सहित)
- वधशालाओं तथा चर्म शोधनशालाओं का विनियमन
- लोक सुख सुविधायें इनमें पथ-प्रकाश, पार्किंग स्थल, बस स्टाप, लोक सुविधा शमिल है

1.5.15 Paradigm shift model of health:

आज किसी भी समुदाय में स्वास्थ सुविधाओ की व्यवस्था कर देने से ही उस समुदाय को स्वास्थ नही कहा जा सकता है जब तक की उन सुविधाओ का उपयोग समुदाय विशेष के सदस्यों के द्वारा नही किया जाता है और समुदाय की भागीदारी भी आवश्यक है सामुदायिक विकास के लिए इस माडल का

होना बहुत ही आवश्यक है जिसमे एक स्वास्थ के स्तर को दूसरे स्वास्थ स्तर तक पहुचाया जाता है जो इस तह हों सकता है

Medical model	**Social model**
Individual	**Community**
Patient	**People**
Disease	**Health**
Providing	**Enabling**
Drugs technology processor	**knowledge social processor**





1.5.16 Environment

स्वास्थ समुदाय के लिए जितनी आवश्यकता शारीरिक स्वस्थ की होती है, उतनी ही आवश्यकता स्वस्थ पर्यावरण की भी होती है पर्यावरण से आशय हमरे चारो के बाह्य आवरण से है, जिसमे हम रहते है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हमरे जीने में हमारा सहियोग करता है इसमे धरती , आकाश, हवा, पेड़- पोधे इत्यादी को शामिल किया जाता है पर्यावरण के बिना हम लोग जीने की कल्पना भी नही कर सकते है! इसीलिए हमारे लिए पर्यावरण बहुत ही महत्व पूर्ण है फिर भी विश्व की अधिकांश जनसँख्या इस बात को जन कर भी अनजान बनी हुई है! प्रत्येक दिन वाहनों, और कारखानों से निकलने वाला धुँआ और रेडियो किरणें हमरे वायुमंडल को प्रदूषित कर रहा है, जंगलो और पेड़ पोधो को भी लगातार अपनी आवश्यकताओ के कारण नष्ट किया जा रहा है इसी कई कारण है जिससे हमरा पर्यावरण प्रभावित हों रहा है !

पर्यावरण को दूषित करने वाले करक

- जल प्रदूषण
- वायु प्रदुषण
- भूमि प्रदुषण

इत्यादी जो हमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते है!

1.5.17 Social determinants of health:

Age: स्वास्थ को निर्धारित करने में आयु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कम उम्र में बच्चे के साथ ज्यादा बीमारी होने की सम्भावनाए बनी रहती क्यों की उनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और यह संभावना नवजात शिशु में ज्यादा रहती है इसके विपरीत मध्य आयु के समय युवा अवस्था में रोग प्रतिरोधक क्षमता बाद जाती है इस आयु में वह स्वस्थ रहने क सम्भावना बड़ जाती है और जेसे जेसे आयु की वृद्ध अवस्थ में जाता है उसे फिर से बीमार और तकलीफ होने की संभावना बड़ जाती है इस तरह आयु सामजिक स्वास्थ को निर्धारित करने में सहायक होती है

Gander: जेंडर भी सामजिक स्वास्थ के निर्धारित करने वाला एक घटक है महिलाओ और पुरुष वर्ग में से महिला वर्ग को बीमारी के अधिक संभावना होती है और इसकी अपेक्षा पुरुष वर्ग में स्वास्थ रहने की सम्भावनाये ज्यादा रहती है

Environment: किसी समुदय बिशेष का पर्यावरण भी वह के लोगो का स्वास्थ स्तर को निर्धारित करता है ठन्डे प्रदेश में रहने वाले लोगो का स्वास्थ अच्छा रहता है उनमे स्फूर्ति रहती है इसके विपरीत गर्म प्रदेश में रहने वाले लोगो का स्वास्थ में गिरावट देखी जाती है अतः पर्यावरण भी की समाज के स्वास्थ को निर्धारित करने वाला एक मुख्य करक है

Education: जिस समुदाय में स्वास्थ के प्रति शिक्षा का प्रसार प्रचार है वे लोग शिक्षित होते है तो वे सभी स्वास्थ के प्रति सजक रहते है जिससे वे बहुत ही कम बीमार होते है और इसी के विपरीत अन्य लोगो का शिक्षा का अभाव होने के कारण बीमार और अस्वस्थ होने की सम्भावना ज्यादा रहती है

Water : जिस समुदाय या समाज में पीने का पानी साफ और स्वछ होता है वह पर लोगो का स्वास्थ कम ही रहता है और जहा के लोग पीने के लिए और उपयोग के लिए साफ और स्वछ पानी का उपयोग करते है वहाँ पर बिमारियां फेलने की सम्भावनाये ज्यादा रहती है और लोग अस्वस्थ रहते है जल व्यक्ति मी मूलभूत आवश्यकताओ में से एक है अतः पेय जल भी किसी समुदाय विशेष के स्वास्थ का मुख्या निर्धारक कारक है

Health Fecilities: किसी समुदाय समूह को मिलने वाली स्वास्थ सुविधाए भी वह पर रहने वाले लोगो को स्वास्थ को मुख्य रूप से निर्धारित करती है जहा स्वास्थ सुविधाए ही उपलब्ध न हों तो उस समुदाय के स्वास्थ का केसे सुरक्षित रहा जा सकता है

culture: स्वास्थ को निर्धारित केने वाले कारकों में समुदाय विशेष के द्वारा अपनाये जाने वाले रीति-रिवाज और संस्कृति भी है, जिसके आधार पर वे जीवन जीते है! हर समुदाय किसी ना किसी रीति-रिवाजो को अपनाता ही है! उसके खान-पान और पहनाव आदि उसके स्वास्थ को निर्धारित करते है!

1.5.18 Disease:

किसी भी समुदाय में स्वास्थ सम्बन्धी कोई न कोई सी परेशानी तो हमेश ही बनी रहती है समाज या समुदाय के लोगो को अपनी सेहत के प्रति हमेशा सचेत रहना चाहिए क्यों की स्वास्थ सम्बन्धी बिमारियाँ किसी भी व्यक्ति को हों सकती है जो अपने स्वास्थ को नही जन पते है इसीलिए समुदाय को चाहिए की वह बीमार होने के बाद इलाज पर अर्थात अस्वस्थ पर ध्यान देने से पहले ही स्वास्थ की स्तिथि को बनाये रखना चाहिए जिससे उसे बीमार हों जाने के बाद की ताखालीफो का सामना न करना पड़े ! हमरे समाज में कई प्रकार की बिमारियाँ पायी जा सकती है

1.5.18.1 वेक्टर बोर्न डिजिज :

वेक्टर बोर्न डिजिज वे बिमारिया है जो हवा के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर मक्खी के द्वारा वेक्टर नमक वायरस पहुचने से फेलती है वेक्टर बोर्न डिजिज के अंतर्गत मलेरिया ,डायरिया, चिकनगुनिया, आदि है

1.5.18.2 वाटर बोर्न डिजिज :

वाटर बोर्न डिजिज से अभिप्राय उन बीमारियों से है जो अस्वच्छ पानी के सेवन के कारण पनपती है किसी व्यक्ति या समूह को पीने का प्रदूषित होता है तो उस व्यक्ति या समूह को पीलिया, उल्टी, दस्त, हैजा, डायरिया, मलेरिया जैसी अन्य बीमारियाँ होने की पूर्ण सम्भावना बनी रहती है इन बीमारियों की रोकथाम के लिए हमें चाहिए की समय समय पर पानी की स्वछता की जाँच करते रहे और इसी के साथ साथ स्वस्छता का ध्यान रखना चाहिए !

1.5.18.3 कम्युनिकेबल डिजिज :

कुछ बिमारियाँ ऐसी भी होती है जो किसी स्वास्थ व्यक्ति द्वारा किसी अन्य रोगी व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से वह स्वास्थ व्यक्ति भी उसी विशेष बीमारी से पीड़ित हों जाता है तो इस प्रकार से सम्प्रेषित होने वाली सभी बीमारियो को कम्युनिकेबल डिजिज कहा जाता है !

जैसे- एच आई वी , खसरा, रेबीज , टी.बी. इत्यादी

1.5.18.4 नॉन कम्युनिकेबल डिजिज :

कुछ बीमारिया इस तरह की होती है जो केवल उसी व्यक्ति को प्रभावित करती है जो व्यक्ति उस बीमारी से पीड़ित होता है वह अन्य व्यक्ति को सीधे संपर्क में आने से नही होती है इन्हे नॉन कम्युनिकेबल डिजिज कहा जाता है!

जेसे- हाई ब्लड प्रेसर और लो ब्लड प्रेसर , डाइबटीस , हार्टअटेक, पाइल्स इत्यादी

1.5.19 Communication and health

Communication किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है वह हर समय सम्प्रेषण के द्वारा ही अपने कार्यों को घर, परिवार, समाज या समुदाय और जगत के साथ कर पता है "एक कुशल सम्प्रेषण वह होता है जब कोई व्यक्ति या समूह किसी दुसरे व्यक्ति या समूह को कोई सन्देश या बात कहता है या पहुचता है तो वह दूसरा व्यक्ति या समूह उस पहले व्यक्ति या समूह के सन्देश या बात को उसी अर्थ में समझ पता है जिस अर्थ में जिस अर्थ में वह चाहता है" इस प्रकार के सम्प्रेषण का स्वास्थ सुविधओ में भी अभाव पाया जाता है सामाजिक कार्यकर्ता के लिए एक प्रभावी सम्प्रेषण योग्यता का होना आवश्यक है और वाही समाज व सेवादाताओं के बीच में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है समुदाय या जन समूह में कुशल सम्प्रेषण का आभाव होने के कारण कई स्वास्थ सुविधाये सारकार के द्वारा डी जाने पर भी जन समुदाय को वो प्राप्त नही हों पाती है सम्प्रेषण को हम निम्न तरह से वर्गीकृत कर सकते है

- एकल सम्प्रेषण और सामूहिक सम्प्रेषण
- मूक सम्प्रेषण और वाध्य सम्प्रेषण
- लिखित सम्प्रेषण और मोखिक सम्प्रेषण

1.5.19 Occupation health:



भारत में ऐसे कई व्यावसायिक कार्य है जिनकी वजह से उस कार्य को करने वाले कर्मचारी या मजदूरों या व्यक्ति की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, ऐसे कई व्यावसायिक कार्य है जिसमें कार्य करने वाले मजदूरोंव श्रमिको को मजबूरी में भी वहाँ कार्य करना पड़ रहा है जिसकी वजह से उन्हें परिवारिक सामाजिक और व्यक्तिगत तकलीफों को उठाना पडता है क्यों की उन लोगो के पास जीविका की आय का और कोई अन्य साधन नही है! इसी के साथ साथ उन श्रमिको के साथ जेंडर भेदभाव भी किया जाता

है और भिन्न भिन्न संस्थओ या कम्पनियों में स्वास्थ सुविधए, जॉब सुरक्षा सुविधा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता की ग्यारंटी और सुविधाओ का स्तर अलग अलग होता है अधिकांश श्रमिक अपने कारखानों या अन्य कार्य स्थल पर सुरक्षा और सुविधा को प्राप्त नही कर पा रहे है!



सामुदायिक स्वास्थ पर कार्य करने के लिए अनु मरिया जेकब (वर्तमान फेलो) के द्वारा केरल में किन्ही चाय बगानो में काम करने वाले श्रमिकों के साथ अध्यन कार्य किया जसमे वे सभी श्रमिको ने से अधिकांश महिलाये है, जिनको अधिकांश श्रमिको को शारीरिक परेशानिया और बिमारिया होने का खतरा बना रहता है और आज़म खान (वर्तमान फेलो) के द्वारा भी मध्य प्रदेश में बीडी बनाने वाले श्रमिकों के साथ अध्यन कार्य किया है जिसमे वे बीडी मजदूरों को भी शारीरिक और आर्थिक ताखालिफो से गुजरना पड़ रहा है उन दोनों के अध्यन के द्वारा समझ पाए की अलग अलग राज्यों में ऐसे श्रमिकों हेल्थ की स्तिथि ठीक नही है उनका आर्थिक और मानसिक और

1.6 Organization and institution exposure visits

1.6.1 स्नेहदान –

यहाँ संस्था एक समाज सेवी व्यक्तियो के समूह का चेरिटेबल ट्रस्ट है यहाँ बेंगलोर में सबसे पहली संस्था है जो एड्स से पीड़ित लोगो को अपनी सेवाए प्रदान करता है! यहाँ पर एड्स पीड़ित व्यक्तियों को केवल उपचार ही नहीं किय जाता है बल्कि उन्हें आवासीय सुविधाए भी प्रदान की जाती है! यहाँ पर केवल बेंगलोर से ही नहीं आते बल्कि पूरे कर्नाटक से मरीज आते है! और अपना पूरा इलाज करा कर ही यहाँ से जाते है यहाँ पर जाने के बाद में समझ पाया था की एड्स एक गंभीर रोग है, सही समय पर ही इसका इलाज संभव है वर्ना देरी हों जाने के बाद मरीज से इस बीमारी को दूर नही किय जा सकता है! इसीलिए इस बीमारी के बारे में समुदाय के सभी व्यक्तियों को जानना और समझाना बहुत ही आवश्यक है, लेकिन आज इस बीमारी को कई पड़े लिखे और समझदार व्यक्ति भी गलत मान लेते है और रोगी को कई तरह की प्रतारणा उठानी पढ़ती है स्नेह दान में किये जा रहे कार्य और इलाज का तरीका भी बताया गया जो मरीज के लिए प्रतिकूल होता है उन्होंने बताया की सभी मरीजो का पहले पंजीयन होता है इसके बाद ही वह पर उन्हें पलंग दिया जाता है यहाँ पर सभी मरीजो का पंजीयन होता है चाहे मरीज यहाँ पर कुछ दिनों के लिए रुकता है या ना रुके ! उनका यहाँ पर खाने पीने और रहने की समुचित व्यवस्था की जाती है उने समाय समय पर शारीरिक और मानसिक रूप से सबल बनाने के लिए सभी अनिवार्य कार्यक्रम किये जाते है और आत्मविश्वास को बढाया जाता है यहाँ पर आये सभी मरीजो का एड्स के साथ साथ टी बी का भी जाँच किय जाना अनिवार्य होता है, डॉक्टर बताती है की अधिकांशत एड्स मरीजो को टी बी होने का खतरा बना रहता है ! एड्स का वायरस किसी एक व्यक्ति से दुसरे व्यक्ति में हवा के द्वारा नहीं पहुचता है बल्कि यह वायरस किसी रोगी व्यक्ति के साथ सीधे में आने से पहुचता है, जेसे शारीरिक संबंधो से , रक्त के हस्तांतरण पर या फिर अन्य भी हों सकते है जिसकी वजह से सामान्य व्यक्ति भी रोगी बन जाता है! इस बीमारी को रोकने का सिर्फ एक ही उपाय है इस बीमारी को अपने शरीर में आने ही ना दे! इसके लिए राष्टीय स्तर और राज्य स्तर पर जन समुदाय को जागरूक किय जा रहा है और इस बीमारी से बचने के लिए सही मार्गदर्शन हेतु प्रचार पर्सर किया जा रहा है

1.6.2 DOTS (Directly Observed Treatment Short Course) centre

जसवंतपुर जिला हॉस्पिटल के विसिट के समय dots centre की एक टीबी का इलाज करने वाली उनिट से साथ संपर्क हुआ इस दोरान वह की टीम ने टी बी के बारे में बताया है की यह बीमारी कर्णाटक राज्य के सतह साथ अन्य सभी राज्यों में ज्यादा हों रही है यह टी बी की बीमारी अधिकांशतः पुरुषों की अपेक्षा

महिलाओ और लड़कियों में ज्यादा देखी जा रही है उन्होंने बताया है की यह टी बी का रोग या बामारी किसी भी आयु में किसी भी व्यक्ति को किसी भी समाय हों सकती है जब कोई व्यक्ति अपने शरीर का ठीक सध्यां न्ही रख पता , खान-पान और अनिवार्य पोषण युक्त भोजन नहीं खा पता है तो धीरे धीरे यह बीमारी जन्म लेने लगा जाती है इस बीमारी की सुरुआत खासी के आने से होती है जब कभी खासी को दो सप्ताह से ज्यादा हों जाता है तो उस व्यक्ति को टी बी होने की सम्भावना होने लग जाती है इसीलिए दो सप्ताह से ज्यादा समाय हों जाने पर इसकी जाँच करवा लेनी चाहये ! यहाँ पर उनित ने टीबी की बीमारी के इलाज में उपयोग की जाने वाली गोलियों के बारे में बताया की इन सभी गोलियों को किस तरह और किन किन समाया में लेना होता है और कितने दिनों तक लेना होता है टीबी के इलाज के दोरान मरीज को अपने खान पाना पर पूरा ध्यान रखना होता है !यहाँ पर हमें टीबी यूनिट ने इलाज के दोरान दी जाने वाली सभी गोलियों के सभी बॉक्स और गोलियों को भी दिखाया गया और सम्जहाया गया !

1.6.3 National tuberculosis institute, Bangalore

इस टीबी इंस्टीट्युट में रही मीटिंग के दोरारा टी बी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर से मिले जो बेंगलोर में दश वर्षों से अपनी सेवाए दे रहे है उन्ही के द्वारा में समझा पाया की टी बी के रोगियों के संख्या पिछले ५- ७ वर्षों में दुगनी हों गयी है टी बी की समस्या एड्स के रोगियों को ज्यादा होने की संभावना होती है टी बी के इलाज की सम्भावना है लेकिन यह उस टी बी रोगी व्यक्ति के द्वारा लिए जा रहे उपचार पर निर्भर करती है की वह व्यक्ति ठीक तरह से समय समय पर उस उपचार को अपना पा रहा है या नहीं ! मेने जाना की टी बी बीमारी का उपचार तीन स्तर पर किया जाता है पहले स्तर पर व्यक्ति को ज्यादा खासी आती है इस स्तर पर इलाज बहुत ही सरल होता है क्यों की इस समय टी बी केवल मुख में खाकर में ही होती है इसके लिए मरीज को नियमित रूप से रोजाना ६ माह के लिए गोलियों का सेवन करना होता है और समय समय पर जाँच करवाते रहना होता है दूसरे स्तर पर इस बीमारी के जाने का कारण बीमारी के प्रति मरीज की लापरवाही का होता है इसका भी इलाज संभव है लेकिन टी बी की अंतिम और लास्ट स्टेज पर मरीज के बचने की सम्भावना बहुत ही कम हों जाती है

टीबी की बीमारी का इलाज व गोलियाँ बहुत ही महंगी होता है लेकिन सरकार के द्वारा दी इसका सभी महंगे खर्चे को वहन करती और टी बी रोगियों के लिए जिला सरकारी अस्पतालों में एक अलग विशिष्ट डॉक्टर की युनिट के द्वारा इलाज किय जाता है !

1.6.4 Bhoomi Habba Festival

Bhoomi habba festival बहुत ही सुन्दर उत्सव था! इसका "प्रबंधन का कार्य "विस्तार संस्था" के द्वारा किय गया था और अन्य कुछ समाज सेवी संस्थाओ ने भी अपनी मदद की हुई थी! भूमि हब्बा त्यौहार का पूरा प्रांगण ही बहुत सुन्दर सुन्दर अनुभव को महसूस करता है इस त्यौहार का उद्देश्य भूमि के महत्व को सभी को बताना था यहाँ पर विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनिया तेयार की गयी थी, कही सभी प्रकार की मिटटी के पहचान और उसके उपयोग की जानकारी थी, तो कही बच्चो के लिए हैण्ड आर्ट को शिखाने वाली परदार्शनी थी तो कही विस्तार संस्था के द्वारा लगायी गयी बड़ी मल्टिपल शॉप थी, तो कही एक हॉल में सोर्ट फिल्म्स दिखाई जा रही थी, इस हॉल में पानी से सूखे की स्थिति पर बनी फिल्म और कर्नाटक के किसी गाँव में महिलाओ पर किये जा रहे प्रतारणा पर बनी फिल्म थी ! यहाँ पर सभी व्यक्तियों का आगमन था यहाँ स्कूल के बच्चो और अन्य बच्चे उनके परिवार के सदस्यों के साथ आये हुए थे, यहाँ पर लोग वाध्य यंत्रो और लोग संगीत की मधुर आवाज बह रही थी, जो माहोल में उत्साह भर रही थी इसमे मेने कर्णाटक संस्कति के विभिन्न रूपों में दर्शन किये, और संस्कृति में संगीत के महत्व को जान पाया इस दोरान मेने कागज के एअर रिंग और ब्रिस्लेट बनाना सिखा लिया था

1.6.5 APD (Association of People with Disability)

ए पी डी संस्था के द्वारा कोई एक उद्देश्य को लेकर कर कार्य नहीं करती है बल्कि वह एक से अधिक उद्देश्य को साथ में लेकर डिसेबल बच्चो व व्यक्तियों के जीवन को संवारने के लिए काम करती है यहा पर डिसेबल व्यक्तियों के लिए रोजगार के सम्बन्ध में भी कार्य किय जाता है इसके लिए उन्हें कारीगरी, इलेक्ट्रिकल, व अन्य कार्यों का कुशल प्रशिक्षण दिया जाता है अतः मेरा तो यही कहना है की "ए पी डी संस्था एक इस तरह की संस्था है जो डिसेबल को डिसेबल नहीं समझती है और उन्हें भी सामान्य लोगो के सामान कुशल प्रशिक्षण प्रदान करके एक कुशल और श्रेष्ठ व्यक्ति बनाने का कार्य करती है" यहाँ पर डिसेबल व्यक्ति शरीर से डिसेबल हों सकता है पर वे कार्यों से और विचारों से डिसेबल नही है वे बभी अन्य लोगो की तरह कार्य करते है यहाँ पर मै N S Hema से मिल पाया हू जिनकी अपनी जीवनी दिल को छूने वाली है, उनके द्वारा किये गए संघर्षो ने मेरे जीवन में उत्साह भर दिया है! यहाँ पर डिसेबल व्यक्तियों के लिए व्हील च्येर और अन्य वस्तुएं तेयार की जाती है यहाँ पर बच्चो को स्कूल शिक्षा का कार्य भी करवाया जाता है !

चित्र- APD (Association of People with Disability)

1.6.6.FRLHT (Foundation for Revitalization of Local Health Traditions)

एफ आर एल एच टी संस्थान एक बड़े क्षेत्रफल में फेला हुआ है! यह बेंगलोर से लगभग बाहर बना हुआ है जो बहुत ही शांत और शुद्ध वातावरण के बीच और हरियालियो में समाहित है! एफ आर एल एच टी के द्वारा वेदिक पद्धतियो व ओषधियो को अपनाते हुए स्वास्थ सेवाए प्रदान करना करना है! जिससे आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के द्वारा होने वाली हानियो से बचा जा सके! एफ आर एल एच टी के द्वारा Trans Disciplinary University (TDU) के द्वारा यहाँ पर कई प्रकार के आयुर्वेदिक कोर्स को

पड़ाया जाता है! यहाँ पर विधार्थियों के लिए आवासीय की सुविधा भी डी जाती है इस दोरान वर्तमान में उन्ही के द्वारा उडीसा में मलेरिया के सम्बन्ध में एक अध्यन कार्य किय था! इसी के साथ साथ **Institute of Ayurveda and Integrated Medicine (I-AIM)** के द्वारा और्वेदिक पद्धतियों के द्वारा बीमारियों और तकलीफों का इलाज किया जाता है! यहाँ पर पंचकर्मा मसाज पध्दति को जाना, उनमे आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों से बने तेल का उपयोग किया जाता है! आज मंहगी दवाइयों के स्थान पर आयुर्वेदिक नुख्से और जड़ी बूटियों के द्वारा सस्ते में इलाज संभव है!

1.6.7 Community calibration, (Koramangala block 1)

Sochara में हमने सामाजिक सेवा संस्थाओ में जाने के साथ साथ समाज की अन्य लोगो के सामाजिक उत्सव में भी भागीदारी की गयी, कोरमंगला ब्लाक में होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी नए व्यक्ति यों और अन्य समज सेवी व्यक्तियों से मिले और वह पर होने वाले संगीत और सांस्कृतिक नृत्य के कार्यक्रम में रहे यहाँ पर कम्युनिटी के लोगो द्वारा बहुत ही अच्छे प्रोग्राम दिए गए थे इस प्रकार के कार्य क्रम कम्युनिटी में होना बहुत जरूरी है ताकि समाज के बारे सही और सामूहिक निर्णय किय जा सके!

1.6.8 SOCHARA alumni meet

sochar वार्षिक मीटिंग को सेंटजोन होस्पिताल केम्पस में दो दिनों के लिए रखा गया था इसमे सभी सोचर के सदस्य, और सम्माननीय समाज सेवक भी उपस्थित थे इसी के बीच community health learning programme के सभी पिछले और वर्तमान के फेल्लो भी सामिल थे यह मिलन सोचर परिवार का उत्सव के साथ साथ वर्तमान सामुदायिक स्वास्थ के मुद्दों को बताया गया ! Dr.Chandra, Fr. Claude, Fr. John और अन्य के द्वारा भी स्वास्थ और मानसिक स्वास्थ की स्थिति को बताया गया! Dr. K. Srinivasa व अन्य ने अपने सामुदायिक स्वास्थ अनुभव को बताया! इन्ही के अधर पर "Health for all".का लक्ष को अभी प्राप्त नही कर पाए है! मानशिक स्वास्थ की समस्या बढती ही जा रही है जो अधिकांशता युवा व्यक्तियों को ज्यादा प्रभावित कर रही है इस दोरान मुझे चन्दर सर के द्वारा की गयी दो दिनों की प्लानिंग और उनकी सोच समझ ने प्रभावित किया और सोचारा द्वारा किया गया प्रबंधन कार्य को सीखा है! फेलो के द्वारा दिये गए नाटको का प्रदर्शन बहुत ही प्रभावी रहा जो की समाज के दर्पण को दिखाते है पिछले सभी फेल्लो को प्रमाण पत्र दे कर उन्हें प्रोत्साहित भी किय गया यहाँ पर नए नए अनुभवियो से मिलने और सुनने, समझने का मोका मिल पाया था! डॉ रवि और डॉ थेलमा के द्वारा की गयी कठोर मेहनत की जीवनी को और सोचारा के इतिहास सही तरह को जान पाया! आज भी वे और उनके सभी सहियोगीयों को साथ में ले कर "स्वास्थ सब के लिए" के नारे को

लेकर आगे बड़ते जा रहे है! यहाँ पर आने वाले सभी अथितियो को पौधे का उपहार दे कर विदा करने के कार्य ने मुझे बहुत ही प्रभावित किय है!

1.6.9 Reshma's workshop (mantal health)

